प्रारुप–6

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

### परियोजना का नामः– जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के विकासखण्ड हवालबाग के अन्तर्गत कसारदेवी (तिवारीखान) से ग्राम माट तक लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण। (लम्बाई 3.050 किमी०)

आज दिनांक 08/08/2018 को निर्माण खण्ड लो०नि०वि० अल्मोड़ा द्वारा प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग कि ओर से श्री दीपक कुमार पन्त, उपराजिक अधिकारी वनरक्षक राजस्व विभाग की ओर से अर्चना नेगी, राजस्व उपनिरीक्षक एवं प्रस्तावक विभाग कि ओर से श्री किशोर पटवाल, अपर सहायक अभियन्ता एवं श्री भास्करानन्द जोशी, अमीन द्वारा भाग लिया गया। प्रश्नगत परियोजना को बनाये जाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनों के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि समाजिक आवश्यकता/परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता की दृष्टि से जो संमरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 200 मी० नाप भूमि, 2850 मी० सिविल वनभूमि प्रभावित होगी इस समरेखन के चयन में कुल 0.180 है० नाप भूमि, 2.565 है०, सिविल वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिसमें से कुल 2.565 है० भूमि की हस्तान्तरण की आवश्कता होगी। इस समरेखन पर/चुने हुए स्थल पर लगभग 141 वृक्ष पांगर, अकेशिया, देवदार, पदम, उतीस, सुरई, चीड़, प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण में प्रभावित होगें। इस समरखेन के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें नाप भूमि में, 500(मी०) सिविल भूमि से, 3500(मी०) प्रभावित होगी एवं इस समरेखन/स्थल के चयन में नाप भूमि 0.45 है०, 3.15 है० सिविल वन भूमि, जिनमें से कुल 3.15 है० भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 230 वृक्ष चीड़, सुरई, पांगर, अकेशिया, देवदार, पदम, उतीस प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से......00........बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

सिविल तथा नाप भूमि पर चीड़ प्रजाति के वन है जिनका वर्तमान वन आच्छादन नहीं है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का मान 79°39'53.161''E एवं 29°38'19.824''N तथा यह स्थल भुल्यूड़ा नामक स्थान पर स्थित है जिसका GPS मान 79°40'10.180''E एवं 29°38'40.525''N है।

चयनित समरेखन में कुल 32 पौधों को अन्य स्थानन्तरित किया जाना आवश्यक होगा।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नहीं है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नहीं होगा।

इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसका निस्तारण नाप भूमि में किया जायेगा।

अन्य आवश्यक विवरण हेतु मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना आवश्यक है। इस क्षेत्र में सब्जी का उत्पादन अत्यधिक मात्रा में किया जाता है। मोटर मार्ग के निर्माण होने से ग्रामवसियों को आवागम एवं अपने उत्पादन को बाजार तक ले जाने में सुविधा प्राप्त होगी एवं ग्रामवासियों का पलायन नहीं होगा। जिस हेतु मोटर मार्ग का निर्माण होना अति आवश्यक है।

हस्ताक्षर (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि

हस्ताक्षर (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि — रा० उ० नि० N.T.D. त० सि० अल्मोड़ा

हस्ताक्षर (वन विभाग) प्रतिनिधि

हस्ताक्षर (अन्य दावेदार) प्रतिनिधि

जिला अधिकारी अल्मोड़ा

हस्ताक्षर (जिलाधिकारी) प्रतिनिधि — उप जिला अधिकारी सदर-अल्मोड़ा

JE

सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० अल्मोड़ा।

अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० अल्मोड़ा

वन क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा वन क्षेत्र अल्मोड़ा

उपवन संरक्षक अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा